बिहार सरकार
मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-04
03/01/2022

# 'जनता के दरबार मुख्यमंत्री' कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्यमंत्री, 180 लोगों की सुनी समस्याएं, अधिकारियों को दिये आवश्यक दिशा–निर्देश

पटना, 03 जनवरी 2022 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार आज 4, देशरत्न मार्ग स्थित मुख्यमंत्री सचिवालय परिसर में आयोजित 'जनता के दरबार में मुख्यमंत्री' कार्यक्रम में शामिल हुये। 'जनता के दरबार में मुख्यमंत्री' कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने राज्य के विभिन्न जिलों से आये 180 लोगों की समस्याओं को सुना और संबंधित विभागों के अधिकारियों को समाधान के लिए समुचित कार्रवाई के निर्देश दिए।

आज 'जनता के दरबार में मुख्यमंत्री' कार्यक्रम में सामान्य प्रशासन विभाग, गृह विभाग, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग, निगरानी विभाग, खान एवं भू–तत्व विभाग, निर्वाचन विभाग, मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग के मामलों पर सुनवाई हुयी।

मुख्यमंत्री ने 'जनता के दरबार में मुख्यमंत्री' कार्यक्रम में शामिल होकर लोगों की शिकायतें सुनीं। पूर्वी चंपारण के एक व्यक्ति ने दहेज हत्या मामले पर कोई कार्रवाई नहीं किए जाने की शिकायत की तो वहीं अगमकुआं, पटना की दहेज के लिए दर्ज एफ0आई0आर0 पर कोई कार्रवाई नहीं किए जाने की शिकायत की। मुख्यमंत्री ने पुलिस महानिदेशक को मामले पर शीघ्र कार्रवाई करने का निर्देश दिया। एक व्यक्ति ने कहा कि मेरी भूमि को कुछ लोगों के द्वारा अतिक्रमित कर लिया गया है। इस संबंध में जिलाधिकारी ने दो बार अतिक्रमण हटाने का आदेश दिया, फिर भी सी0ओ0 ने अतिक्रमण नहीं हटवाया। मुख्यमंत्री ने राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग को उचित कार्रवाई का निर्देश दिया।

मुजफ्फरपुर से आए एक बुजुर्ग ने मुख्यमंत्री से कहा कि उनके बेटे का अपहरण हो गया है। पुलिस में मामला दर्ज होने के बाद भी पुलिस ने अब तक कुछ भी नहीं किया। मुख्यमंत्री ने अपर मुख्य सचिव गृह विभाग को कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

रुपसपुर, पटना से आयी एक लड़की ने मुख्यमंत्री से गुहार लगाते हुए कहा कि मेरे साथ रेप किया गया है। हमने रूपसपुर थाने में केस दर्ज कराया है लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। साथ ही अब आई0ओ0 और थानेदार फोन तक नहीं उठाते हैं। मुख्यमंत्री ने पुलिस महानिदेशक को कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

अररिया से आए एक युवक ने कहा कि मेरे छोटे भाई की हत्या 2020 में हुई थी। हत्या को अंजाम देने के बाद भी अपराधी खुलेआम घूम रहे हैं। अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए डेढ़ साल से हम दफ्तरों के चक्कर काट रहे हैं, मगर कुछ नहीं हो रहा है। मुख्यमंत्री ने संबंधित विभाग को जांचकर न्यायोचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

समस्तीपुर से आयी एक महिला ने कहा कि पांच वर्ष पहले हमने पांच कट्ठा जमीन खरीदी थी लेकिन उस पर दूसरे लोगों ने कब्जा कर लिया है। वहीं बेगूसराय के एक व्यक्ति ने कब्रिस्तान की घेराबंदी को लेकर शिकायत की। मुख्यमंत्री ने संबंधित विभाग को उचित कार्रवाई का निर्देश दिया।

'जनता के दरबार में मुख्यमंत्री' कार्यक्रम में राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री श्री रामसूरत कुमार, मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन मंत्री श्री सुनील कुमार, खान एवं भूतत्व मंत्री श्री जनक

राम, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, मुख्य सचिव श्री आमिर सुबहानी, पुलिस महानिदेशक श्री एस0के0 सिंघल, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार सहित संबंधित विभागों के अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, पटना के जिलाधिकारी श्री चंद्रशेखर सिंह तथा वरीय पुलिस अधीक्षक श्री मानवजीत सिंह ढिल्लो उपस्थित थे।

कार्यक्रम के पश्चात् मुख्यमंत्री ने पत्रकारों से बातचीत की। बिहार में तेजी से बढ़ रहे कोरोना संक्रमण के मामले से संबंधित सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछली बार की तरह ही इस बार भी कोरोना के मामले अचानक तेजी से बढ़ रहे हैं, यह बड़ा ही दुखद है। जनता दरबार में शामिल होनेवालों का पहले कोरोना की जांच की जाती है। आज की जांच में 6 व्यक्ति कोरोना पॉजिटिव पाये गये हैं। खान–पान की व्यवस्था देखने वाले एक व्यक्ति भी कोरोना पॉजिटिव पाये गये हैं। इसको लेकर हम सबों को अलर्ट रहना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि आज पूरे बिहार से कोरोना रिपोर्ट लेने के बाद कल की बैठक में आगे का निर्णय लिया जायेगा। सरकारी कार्यालयों समेत सभी जगहों पर कोरोना की जांच की जा रही है। बिहार में काफी तादाद में कोरोना की जांच की जा रही है। बिहार में प्रतिदिन डेढ़ से दो लाख लोगों की कोरोना जांच की जा रही है। कुछ दिन पहले तक कोरोना की जांच में कोई व्यक्ति पॉजिटिव नहीं पाये जाते थे। पिछले 8–10 दिनों में कोरोना के मामले में थोड़ी वृद्धि देखी गई लेकिन अभी अचानक मामले में तेजी से बढ़ोत्तरी होने लगी है। बिहार में ओमिक्रॉन की जांच शुरु हो गई है। अभी कई डॉक्टर कोरोना पॉजिटिव पाये गये हैं। कोरोना को लेकर सबको सजग रहना जरुरी है। दुनिया भर और देश के साथ ही अब बिहार में कोरोना के मामले अचानक तेजी से सामने आ रहे हैं।

समाज सुधार अभियान आगे जारी रखने के सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि समाज सुधार अभियान के तहत कल के कार्यक्रम में जा रहे हैं। सरकार के द्वारा पहले से ही 5 जनवरी तक का गाइडलाइन जारी किया जा चुका है। अब पूरे बिहार से आज से लेकर कल शाम तक की रिपोर्ट लेने के बाद कल की बैठक में आगे का फैसला लिया जायेगा। अभी तक बिहार में कोरोना संक्रमण कंट्रोल में था, जिसके कारण हमलोग कई तरह के कार्यक्रम कर रहे थे। अब अचानक इसमें वृद्धि देखी जा रही है तो पूरी स्थिति की समीक्षा कर आगे का फैसला लिया जायेगा। इसको लेकर लोगों के बीच जागृति पैदा करना जरुरी है। पिछली बार की तरह इस बार भी उन सभी जगहों पर कोरोना संक्रमितों की इलाज की पूरी व्यवस्था की गई है, दवा का भी प्रबंध किया गया है। ऑक्सीजन की भी कोई समस्या नहीं है। कोरोना से संबंधित हर तरह की तैयारी की गई है। एक बार फिर से कोरोना को लेकर लोगों को जागरुक करना पड़ेगा।

कोरोना के बढ़ते मामले को लेकर यू0पी0 चुनाव टालने की मांग पर मुख्यमंत्री ने कहा कि अभी ऐसा नहीं लग रहा है क्योंकि इतना ज्यादा नहीं है कि चुनाव टाला जाय लेकिन इसको देखना पड़ेगा। कोरोना के दौर में पहले भी कई राज्यों में चुनाव हुए है। बिहार में भी एहतियात के साथ चुनाव कराये गये थे।

जातीय जनगणना कराने के सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि इसको लेकर सर्वदलीय बैठक होनी है, सबकी सहमति आ जायेगी उसके बाद निर्णय किया जायेगा। हमें नहीं लगता है कि कोई असहमति की बात आयेगी।

******